आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 10.06.2025

मुख्य समाचारः–

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत के रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन की सराहना की।
2– आईईडी विस्फोट में शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे का आज रायपुर में किया गया अंतिम संस्कार–मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और पुलिस अधिकारियों सहित आम जनता ने दी श्रद्धांजलि।
3– विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में कल प्रदेशभर के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
4– प्रदेश में कल से मानसून की गतिविधियां बढ़ सकती है।

प्रधानमंत्री–11 साल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले ग्यारह वर्ष में भारत के रक्षा क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन पर प्रकाश डाला है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है कि कैसे भारत के लोग राष्ट्र को मजबूत करने के साझा संकल्प के साथ एकजुट हुए हैं।

वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत के रक्षा क्षेत्र में पिछले ग्यारह वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मजबूत सीमाएं, आधुनिक सशस्त्र बल, स्वदेशी हथियार, रिकॉर्ड रक्षा निर्यात और वैश्विक विश्वास से यह क्षेत्र आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हुआ है।

केन्द्र सरकार–11 साल

देश में पिछले एक दशक के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नीतियों के तहत उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्ष में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों पर विशेष श्रृंख्ला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम आत्मनिर्भरता के माध्यम से रक्षा के क्षेत्र में भारत को वैश्विक शक्ति बनाने के प्रयासों पर जानकारी दे रहे हैं।

"पिछले एक दशक में, भारत ने अपनी सुरक्षा नीति को स्पष्टता, दृढ़ निश्चय और आत्मविश्वास के साथ परिभाषित किया है। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर, 2025 में, ऑपरेशन सिंदूर तक, संदेश स्पष्ट है। भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरों को बर्दाश्त नहीं करेगा। ऑपरेशन सिंदूर, आतंकवाद विरोधी प्रतिक्रिया में एक महत्वपूर्ण क्षण था। एक सटीक, समन्वित मिशन, जिसमें देश के वीर जवानों ने सीमा पार नौ आतंकी शिविरों को बेअसर कर दिया जो पहलगाम आतंकी हमले का एक तत्पर और निर्णायक जवाब साबित हुआ। स्वदेशी विनिर्माण ने इसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईएनएस विक्रांत से लेकर लम्बी ऊंचाई वाले लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर एलसीएच प्रचंड तक, भारत आत्मविश्वास के साथ डिजाइन और तैनाती कर रहा है। वहीं, आईडीईएक्स जैसी पहल, स्टार्टअप और एमएसएमईज़ भारतीय सुरक्षा बलों के लिए अत्याधुनिक समाधान प्रदान कर उन्हें और अधिक सशक्त बना रहे हैं। समाचार डेस्क, आकाशवाणी समाचार, रायपुर

जवान–श्रद्धांजलि

सुकमा जिले में कल हुए आईईडी विस्फोट में शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे का आज राजधानी रायपुर में अंतिम संस्कार किया गया।

इससे पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज माना स्थित छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल परिसर पहुंचकर शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने शहीद के पार्थिव शरीर को कंधा देकर विदाई दी। मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिस अधिकारी के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना जताई और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव सहित कई जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

इस बीच, घटना के विरोध में कल व्यापारियों द्वारा सुकमा जिले के दोरनापाल बंद का आह्वान किया गया है। आज शाम लोगों ने कैंडल मार्च निकाली और श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया।

गौरतलब है कि कल सुकमा जिले के डोंड्रा के पास आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपूंजे शहीद हो गए हैं। वहीं, दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल हुए थे।

शिक्षक–काउंसिलिंग

प्रदेश में नियुक्ति के बाद सेवा समाप्त किए गए दो हजार छह सौ इक्कीस बी.एड. अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के समायोजन के लिए रायपुर में सत्रह से छब्बीस जून तक ओपन काउंसिलिंग की प्रक्रिया होगी। इन सहायक शिक्षकों का समयोजन सहायक शिक्षक विज्ञान–प्रयोगशाला के पद पर किया जाएगा।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत इन दिनों छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्थानों पर कृषि वैज्ञानिकों की टीम किसानों से सीधा संवाद कर रही है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान रायपुर के वैज्ञानिकों ने रायपुर और दुर्ग के कई गांवों का दौरा किया, जहां कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर सौम्या दास और डॉक्टर पी. मूवन्थन की टीम ने किसानों के साथ कृषि चौपाल लगाकर संवाद किया।

वहीं, राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान रायपुर के वैज्ञानिक डॉक्टर कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि आज वैज्ञानिकों की टीम ने बिलासपुर जिले के मस्तुरी ब्लॉक के कई गांवों का दौरा किया और किसानों को नई तकनीकी की जानकारी दी।

माओवादी–आत्समर्पण

कोंडागांव जिले में आज एक माओवादी ने आत्मसमर्पण किया है। यह माओवादी बेड़मा, बस्तर डिवीजन और आमदई में एलओएस सदस्य के रूप में सक्रिय था। इस पर बस्तर और नारायणपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न माओवादी घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पित माओवादी को पुनर्वास नीति के तहत पचास हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

वहीं, नारायणपुर जिले में पुलिस ने माओवादियों को हथियार, कारतूस और विस्फोटक सामग्री आपूर्ति करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार नाकेबंदी करके एक व्यक्ति को नारायणपुर–कुतुल मार्ग से हिरासत में लिया गया। इसके पास से माओवादियों को आपूर्ति करने के लिए ले जाया जा रहा तीन मीटर कॉर्डेक्स वायर, बिजली तार, वॉकी टॉकी, बीस कारतूस और तीन डेटोनेटर बरामद किए गए।

इस बीच, बीजापुर जिले के नेशनल पार्क मुठभेड़ में बरामद किए गए सात माओवादियों के शवों में से पांच की शिनाख्त कर ली गई है।

विश्व रक्तदाता दिवस–कार्यक्रम

विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में कल ग्यारह जून को प्रदेशभर के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष की थीम "गिव ब्लड, गिव होप: टुगेदर वी सेव लाइव्स" के संदेश को लेकर राज्यभर में यह आयोजन किए जाएंगे।

आरोग्य मेलों के अंतर्गत इन कार्यक्रमों में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान रक्तदान के लिए पंजीकरण, शपथ ग्रहण समारोह, रैली और उत्कृष्ट रक्तदाताओं का सम्मान जैसे कार्यक्रम होंगे।

ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच की अगुवाई में रक्तदान शपथ समारोह आयोजित किए जाएंगे, जिसमें नागरिकों को रक्तदान करने की शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही रैली, पोस्टर प्रदर्शनी और अन्य जनजागरूकता गतिविधियां भी चलाई जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में सभी ज़िला और ब्लॉक अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

राष्ट्रीय आम महोत्सव–समापन

रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव का कल समापन हुआ। कृषि मंत्री राम विचार नेताम समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर आम उत्पादक किसानों और संस्थाओं को पुरस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ में आम उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रगतिशील किसानों का भी सम्मान किया गया।

## आबकारी आरक्षक–आवेदन

छत्तीसगढ़ व्यापमं द्वारा आबकारी विभाग में आरक्षक के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया चार जून से शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार इस पद के लिए सत्ताईस जुलाई को परीक्षा आयोजित की जाएगी। आबकारी आरक्षक परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि सत्ताईस जून को शाम पांच बजे तक निर्धारित की गई है।

## मौसम

प्रदेश में कल से मानसून की गतिविधियां बढ़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसर कल ग्यारह जून को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। प्रदेश के अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए चौदह जून से अनुकूल परिस्थितियां बन रही है।

## संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय में आदिम जाति विकास विभाग के छात्रावास–आश्रम प्रबंधन के नये पोर्टल का शुभारंभ किया। साथ ही, आश्रम छात्रावासों के संचालन, शिष्यवृत्ति और भोजन सहायता की पहली किश्त के रूप में पचासी करोड़ रुपए का ऑनलाइन अंतरण किया।

– राज्यपाल रमेन डेका ने सक्ति जिले के दस टीबी मरीजों के लिए पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए साठ हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल जशपुर जिले के फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नवीन शाखा का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे।

– राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के पांच अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया है।

– एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पेंशन प्रकरण के जल्द निपटारे के लिए रिटायर्ड क्लर्क से तीस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के क्लर्क को गिरफ्तार किया है।

– एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर की टीम ने मुंगेली जिले में आज एक पटवारी को पच्चीस हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>